# बिहार सरकार
# मुजफ्फरपुर इंस्टीच्यूट् ऑफ टेक्नोलौजी
# मुजफ्फरपुर – 842003.

पत्रांक : Acad 22 /

मुजफ्फरपुर, दिनांक : 14/01/2019

विषय : **Weekly Academic Meeting**
दिनांक 12.01.2019 की कार्यवाही का विवरण ।

बैठक में कुल 56 शिक्षक उपस्थित थे (असैनिक से 12, यांत्रिकी अभियंत्रण से 13, विद्युत अभियंत्रण से 05, लेदर टेक्नोलौजी से 04, फार्मेसी से 05, इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड कॉम्युनिकेशन से 07, अपलाईड साइंस से 08, आई. टी. से 02) ।

बैठक में निम्नलिखित बिंदुओं पर चर्चा हुई ।

1. Procurement के संबंध में बताया गया कि असैनिक, विद्युत विभाग का Bid हो गया है । शेष रह गये विभाग का काम चल रहा है । अगले सप्ताह तक पूरा हो जायेगा ।

2. सभी शिक्षकों को furniture उपलब्ध कराने के लिये एक Committee बना दी गयी है, जो यह सुनिश्चित करेगी कि 25 जनवरी तक सभी शिक्षकों को Chamber तथा furniture उपलब्ध हो जाये । (Committe के सदस्य– प्रो0 मणिकान्त कुमार, डा0 आशुतोष कुमार सिन्हा, प्रो0 आशिष कुमार (Civil), प्रो0 आशीष कुमार (I.T.)) ।

3. TEQIP-III के अर्न्तगत Workshop को आयोजन करने के संबंध में यह बताया गया कि फरवरी में यांत्रिक विभाग तथा मार्च में विद्युत विभाग द्वारा NIT, Patna के सहयोग से एक–एक Workshop करायेंगे ।

4. TEQIP-III के तहत खरीदे गये नये उपकरणों पर TEQIP-III Purchase का Sticker जनवरी के अन्त तक लगा दिया जाये । (विभागाध्यक्ष) ।

5. सस्थान में Jio-fi Wi-fi Internet Connectivity के अद्ययतन स्थिति के बारे में यह बताया गया कि 25 Jan तक कार्य पूरा हो जायेगा ।

6. प्रत्येक विभाग में TEQIP-III के अर्न्तगत खरीदे गये नये उपकरणों का Bill तथा उसकी Entry TEQIP Stock Book पर कर TEQIP-III office भेजने का निर्देश दिया गया ताकि अग्रेतर कार्यवाही की जा सके ।

7. Employability/Gate Class के feedback पर यह निर्णय हुआ कि जिन छात्र–छात्राओं का feedback देना शेष रह गया है उसकी सूची तैयार कर सभी विभागाध्यक्ष को सौंप दिया जाये ताकि बचे छात्रों से class में ही feedback ले लिया जायेगा ।

8. सभी विभागाध्यक्ष को यह निर्देश दिया गया कि छात्रों के Attendance को उनके अभिभावकों तक फोन/लेटर द्वारा पहुँचाना सुनिश्चित करें । यह भी निर्णय लिया गया कि इस सत्र से सभी छात्रों तथा उनके अभिभावकों से undertaking लेना है कि सभी छात्र AKU के Attendance condition को पूरा करेंगे ।

9. सभी विभाग को यह निदेश दिया गया कि Mentor Institute से Expert Lecture कराने के लिये विभागीय Meeting कर topic decide करें ताकि NIT, Patna से Expert को बुला कर Lecture दिलाया जा सके । इसकी सूचना NIT, Patna को 25 जनवरी के पहले देना अनिवार्य है ।

10. यह निर्णय लिया गया कि सत्र 2018–19 में FDP, GIAN, PDT Training कर के आये हुये शिक्षक एक ppt तैयार कर शिक्षकों की meeting में प्रस्तुत करें जिसका theme होगा– "How to Improve the M.I.T. System" ।

11. डा0 वाई0 एन0 शर्मा की अध्यक्षता में हेड और Academic Coordinator की एक मीटिंग सोमवार को होनी है जिसमें Project Exhibition पर चर्चा होनी है । इस वार फाईनल ईयर के छात्रों का Project Exhibition के पहले अनपा Project Exhibit करना होगा । साथ ही यह निर्णय लिया गया कि छात्रों को 2nd Year से Project allot कर दिया जाये । सभी विभागाध्यक्षों को यह भी निर्देश दिया गया कि NIT, Patna में जाने वाले छात्रों की सूची Mentor Institute के Coordinator को अगले सप्ताह तक उपलब्ध करा दिया जायेगा ।

12. श्री मणिकान्त, सहायक प्राध्यापक, लेदर टेक्नोलॉजी के द्वारा यह प्रास्ताव दिया गया कि संस्थान में स्थिति बाल निकेतन स्कूल जो कि बन्द हो चुका है तथा जर्जर हालत में है को Renovate करके Faculty Club बनाया जाये । इसे ध्वनीमत से अनुमोदित किया गया ।

13. सभी विभागाध्यक्ष को यह निर्देश दिया गया कि जल्द से जल्द छात्रों को Industrial Visit पर ले जाया जाये ।

धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक समाप्त हुई ।

Registrar 17/01/19
M.I.T.,Muzaffarpur

Copy to :-

1. Principal, M.I.T.,Muzaffarpur.
2. P/I Website, M.I.T.,Muzaffarpur.

For Information & necessary action.